एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्तिक की भूमिका में नजर आएंगे
# अजय देवगन



हाल ही में पाकिस्तान से लौटे भारतीय एयरफोर्स पायलट अभिनंदन वर्धमान के उपर फिल्म बनाने की चर्चा थी। भारतीय वायुसेना के द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट इलाके में किए गए हवाई हमले के बाद वायुसेना के उपर फिल्म बनाए जाने की बात लगभग तय थी। अब सामने आया है कि सर्जिकल स्ट्राइक 2 के बाद वायु सेना पर बनने वाली पहली फिल्म अजय देवगन के नाम होगी। हालांकि ये फिल्म अभिनंदन के नहीं बल्कि 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के दौरान की कहानी पर होगी।

अजय देवगन कई बार पुलिस और आर्मी ऑफिसर के किरदार में नज़र आ चुके हैं लेकिन इस बार वो वायुसेना के लड़ाकू पायलट के रोल में दिखाई देंगे। अजय स्क्वाड्रन लीडर विजय कार्णिक का किरदार निभाएंगे। विजय और उनकी टीम ने 1971 के युद्ध के दौरान गुजरात के भुज में मौजूद जर्जर हो चुकी विमान पट्टी को ठीक कर भारत को पाकिस्तान के विरुद्ध बढ़त दिला दी थी।

भुज में मौजूद हवाईपट्टी पर पाकिस्तानी एयरफोर्स ने नापाम बम गिराए थे और ये पट्टी तहस नहस हो गई थी। इस हमले से भारतीय वायुसेना के हाथ से पाकिस्तानी ज़मीन के नज़दीक की एक पोस्ट चली गई थी और इसका होने वाली लड़ाई में बहुत महत्व था। विजय कार्णिक ने भुज में जाकर इस विमान पट्टी के आसपास के गाँव में रहने वाली ३०० महिलाओं को अपनी मदद के लिए बुलाया था और इस हवाई अड्डे को कुछ ही समय में फिर से सक्रिय कर दिया था।

अगर आपको याद हो तो 1997 में आई जे पी दत्ता की फिल्म बॉर्डर में जैकी श्रॉफ का किरदार विजय कार्णिक के किरदार पर ही आधारित था और उनको युद्ध की परिस्थिति देखते हुए एक विमान अड्डे को सुचारु प से चलाने के लिए सनी देओल के साथ ही एक विमान में गुजरात भेजा जाता है।

विजय कार्णिक पर इस फिल्म को टी सीरीज़ के भूषण कुमार बना रहे हैं। विजय बताते हैं कि इस हमले में अगर किसी ग्रामीण महिला की जान चली जाती तो ये सबसे बड़ा नुकसान होता,हमने उन्हें पूरी ट्रेनिंग दी थी और वो बहादुर महिलाएं बिना किसी डर के हमारे साथ रहीं। साथ ही अपने रोल के लिए वर्तमान में अजय देवगन से बेहतर मुझे कोई और नहीं लगता।

# सूर्यवंशी में अक्षय कुमार के साथ दिखेंगी जैकलीन फर्नांडिस



अगले साल आने वाली अक्षय कुमार और रोहित शेट्टी की फिल्म सूर्यवंशी चर्चा में बनी हुई है। कभी स्टार कास्ट को लेकर तो कभी रिलीज डेट को लेकर। फिल्म अगले साल ईद को रिलीज होगी। पहले खबरें थीं कि फिल्म की रिलीज डेट फाइनल करने को लेकर सलमान खान और अक्षय कुमार के बीच बातचीत हुई थी लेकिन बाद में अक्षय ने इस बात से इनकार कर दिया था।

सूर्यवंशी में अक्षय कुमार एक पुलिस वाले के किरदार में नजर आएंगे। अब खबरें हैं कि फिल्म में अक्षय कुमार के अपॉजिट जैकलीन फर्नांडिस नजर आएंगी! फिल्म के लिए उनका नाम फाइनल हो चुका है। पहले खबरें थीं कि फिल्म के लिए कटरीना कैफ को लिया जाएगा लेकिन बाद में रोहित शेट्टी ने इस बात से इनकार करते हुए खबर को महज अफवाह बताया था। खबरें ऐसी भी थीं कि रोहित शेट्टी सोनम कपूर को अक्षय कुमार के अपॉजिट साइन करने की सोच रहे हैं। बात करें अक्षय कुमार और जैकलीन की जोड़ी की तो इससे पहले दोनों की जोड़ी हाउसफुल और ब्रदर्स फिल्म में नजर आई थी।

बता दें, सूर्यवंशी फिल्म रोहित शेट्टी की क्राइम आधारित सीरीज सिंघम का हिस्सा है। इससे पहले सिंबा ने भी लोगों को काफी आकर्षित किया था। बात करें काम की तो फिलहाल अक्षय कुमार अपनी आने वाली फिल्म केसरी के प्रमोशन में लगे हुए हैं। फिल्म होली के दिन 21 मार्च को रिलीज हुई। वहीं, जैकलीन फर्नांडिस सुशांत राजपूत के साथ ड्राइव फिल्म में काम करेंगी।

# आलिया के साथ सड़क 2 में काम करने को लेकर ख़ुश हैं आदित्य



आदित्य रॉय कपूर और आलिया भट्ट बॉलिवुड के यंग टैलेंट हैं, जिनसे ऑडियंस को हमेशा ही खास उम्मीद होती है। आलिया के लिए साल 2018 बेहद खास रहा है। फिल्मों के जरिए उन्होंने अपनी ऐक्टिंग का लोहा मनवाया, जिसके बाद उनके पास फिल्मों के ऑफर्स की संख्या बढ़ गई। उन्होंने करण जौहर की फिल्म कलंक भी साइन की है, जिसमें वह आदित्य रॉय कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।

कलंक के साथ ही यह जोड़ी फिल्म सड़क 2 में भी नजर आएगी। आलिया के साथ दो फिल्मों में स्क्रीन शेयर करने का मौका पाने पर आदित्य रॉय कपूर काफी एक्साइटिड हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि दोनों फिल्में बेहद अलग हैं। आलिया के साथ काम करने पर वे बोले कि, जब आप सेम को-स्टार के साथ फिर से काम करते हैं तो स्क्रीन पर नई इक्वेशन पेश करना अच्छा अनुभव होता है।

बता दें कि, डायरेक्टर महेश भट्ट फिल्म सड़क 2 के जरिए बतौर डायरेक्टर वापसी कर रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार उनकी बेटियां आलिया भट्ट और पूजा भट्ट साथ में स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। यह मूवी मार्च 2020 में रिलीज की जाएगी। बता दें कि, साल 1991 में आई फिल्म सड़क में पूजा भट्ट और संजय दत्त ने लीड किरदार निभाए थे। वहीं करण जौहर की फिल्म कलंक में आलिया भट्ट और आदित्य रॉय कपूर के साथ ही संजय दत्त, माधुरी दीक्षित, वरुण धवन और सोनाक्षी सिन्हा लीड रोल्स में दिखेंगे। यह फिल्म इस साल 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज की जा सकती है।

## आलिया के कलंक सॉन्ग घर मोरे परदेसिया को कटरीना ने बताया प्राइसलेस



बॉलिवुड में स्टार वॉर्स तो अक्सर ही देखने-सुनने को मिल जाती है लेकिन दोस्ती की बात करें तो कुछ ही नाम सुनने में आते हैं। ऐसे में ऐक्ट्रेस आलिया भट्ट और कटरीना कैफ की दोस्ती इंडस्ट्री में काफी बेहतरीन मानी जाती है। हालांकि बीच में यह भी खबरें सुनने में आई थीं कि ऐक्टर रणबीर कपूर को लेकर दोनों ऐक्ट्रेसेस के बीच मनमुटाव है। जबकि दोनों ही ऐक्ट्रेसेस इस बात को सिरे से नकारती आई हैं। इसके अलावा अक्सर ही वे एक-दूसरे के साथ मस्ती करती और सोशल साइट्स पर एक-दूसरे के काम की जमकर तारीफें करती नजर आती हैं।

बता दें कि हाल ही में जब आलिया की फिल्म कलंक का सॉन्ग घर मोरे परदेसिया रिलीज हुआ तो हर जगह उनकी खूब तारीफें हो रही थीं। दर्शकों ने आलिया के कथक डांस की खूब तारीफ की। ऐसे में ऐक्ट्रेस कटरीना कैफ ने भी आलिया को काफी अप्रीशिएट किया।

कटरीना ने आलिया के सोशल अकाउंट पर शेयर किए गए विडियो सॉन्ग पर उनकी खूब तारीफ की।

बता दें कि इससे पहले भी जब आलिया की फिल्म गली बॉय रिलीज हुई थी तब भी कटरीना ने आलिया की खूब तारीफ की थी। उन्होंने लिखा था आपकी स्क्रीन पर परफार्मेंस देखकर तारीफ के लिए शब्द कम पड़ जाते हैं।

आलिया के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्दी ही अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर भी दिखाई देंगे।

वहीं कटरीना कैफ के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह अली अब्बास जफर की फिल्म भारत में ऐक्टर सलमान खान के साथ नजर आएंगी। उनके अलावा दिशा पाटनी, तब्बू, सुनील ग्रोवर भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।